बिहार सरकार,
कृषि विभाग।

पत्रांक–16विनि०–22/2019 – 56 /कृ०, पटना, दिनांक 13/01/2020

प्रेषक,

रवीन्द्र नाथ राय,
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।
(*) द्वारा : वित्त विभाग, बिहार, पटना ।

(*) अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

विषय :– **राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (विघटित) के प्रशासनिक भवन पंत भवन, बेली रोड, पटना में एक अदद 13 (तेरह) सवारी क्षमता वाले (884 KG) लिफ्ट (पूर्वी भाग) का अधिष्ठापन हेतु कुल 41,17,215.00 (एकतालीस लाख सत्रह हजार दो सौ पन्द्रह) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इसके अधीन चालू वित्तीय वर्ष 2019–20 में 41,17,215.00 (एकतालीस लाख सत्रह हज़ार दो सौ पन्द्रह) रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश :– स्वीकृत ।

राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (विघटित) के प्रशासनिक भवन पंत भवन, बेली रोड, पटना में एक अदद 13, (तेरह) सवारी क्षमता वाले (884KG) लिफ्ट (पूर्वी भाग) का अधिष्ठापन हेतु कुल 41,17,215.00 (एकतालीस लाख सतरह हजार दो सौ पन्द्रह) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इसके अधीन चालू वित्तीय वर्ष 2019–20 में 41,17,215.00 (एकतालीस लाख सतरह हजार दो सौ पन्द्रह) रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (विघटित) के प्रशासनिक भवन पंत भवन, बेली रोड, पटना में एक अदद 13 (तेरह) सवारी क्षमता वाले (884KG) लिफ्ट (पूर्वी भाग) के अधिष्ठापन हेतु कुल 41,17,215.00 (एकतालीस लाख सत्रह हजार दो सौ पन्द्रह) रूपये की लागत पर कार्यान्वित करायी जायेगी।

3. इस योजना का उद्देश्य बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (विघटित) में भू–तल से सांतवा तल तक आने जाने में सुविधा प्राप्त होगी। पंत भवन में राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालय अवस्थित है एवं एक नया लिफट का अधिष्ठापन हो जाने से भू–तल से सांतवा तल तक आने जाने में सुगमता होगी। भवन निर्माण विभाग के पत्र संख्या–2279, दिनांक–07.08.2019 द्वारा पंत भवन की ऊँचाई G+7 एवं उसमें कार्यरत महत्वपूर्ण कार्यालय को देखते हुए नया लिफ्ट लगाने का परामर्श प्राप्त है। तदोपरान्त भवन निर्माण विभाग, बिहार द्वारा दी गई तकनीकी अनुमोदन (**अनुसूची–1**) की राशि 41,17,215.00 (एकतालीस लाख सत्रह हजार दो सौ पन्द्रह) रूपये पर ही प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है। तद्नुसार वित्तीय वर्ष 2019–20 में योजना का कार्यान्वयन कराया जायेगा।

4. योजना का कार्यान्वयन भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा किया जायेगा।

5. बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (विघटित) के प्रशासनिक भवन पंत भवन, बेली रोड, पटना में एक अदद 13 सवारी क्षमता वाले (884KG) लिफ्ट (पूर्वी भाग) का अधिष्ठापन हेतु कुल 41,17,215.00 (एकतालीस लाख सत्रह हजार दो सौ पन्द्रह) रूपये की तकनीकी अनुमोदन पत्रांक–प्र०21/भ०वि०प्राक्क०–147/19–1285 (वि) दिनांक 27.09.2019 को भवन निर्माण विभाग, बिहार द्वारा प्रदान की गई है। अनुमोदित कार्य योजना का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | Estimate for SITC of 1 No. 13 Passenger (884 Kg) G+7 Floor (Right Side) ACD3-MRL VF Regenerative, Full Collective Operation with Five Year Operation & Maintenance at Pant Bhawan, Patna | 4117215.00 |
| | | |
| | **Total :-** | **4117215.00** |

6. इस योजना के निर्माण कार्य का अनुश्रवण प्रशासक, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (विघटित), पटना द्वारा नियमित रूप से किया जायेगा। इस योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी, प्रशासक, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (विघटित), पटना होंगे।

7. स्वीकृत राशि की निकासी भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा विश्वेश्वरैया भवन कोषागार, पटना से की जायेगी। भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा राशि के व्यय के उपरांत उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार एवं कृषि विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

8. वित्तीय वर्ष 2019–20 में बजट शीर्ष एवं बजट उपबंध एवं स्वीकृत राशि निम्न प्रकार है,

(राशि लाख रूपये में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय मांग संख्या–03, उप मुख्य शीर्ष 01–कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–051– निर्माण, उपशीर्ष–0119–कृषि कार्यालय भवन, विपत्र कोड 03–4059010510119 विषय शीर्ष 0119.53.01 मुख्य निर्माण कार्य | 5395.00 | 34.17288 |
| मुख्य शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय मांग संख्या–03, उप मुख्य शीर्ष 01–कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–789– अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उपशीर्ष–0102–कृषि कार्यालय भवन, विपत्र कोड 03–4059017890102 विषय शीर्ष 0102.53.01 मुख्य निर्माण कार्य | 1040.00 | 6.58755 |
| मुख्य शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय, मांग संख्या–03, उप मुख्य शीर्ष 01–कार्यालय भवन, लघु शीर्ष–796– जनजाति क्षेत्र उप योजना, उपशीर्ष–0105–कृषि कार्यालय भवन, विपत्र कोड 03–4059017960105 विषय शीर्ष 0105.53.01 मुख्य निर्माण कार्य | 65.00 | 0.41172 |
| कुल योग :– | 6500.00 | 41.17215 |

9. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758 दिनांक 31.05.2017 में निहित प्रावधान के आलोक में योजना की स्वीकृति में सचिव, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या–16विनि०–22/2019 के पृष्ठ सं०–05/टि० पर दिनांक–08.11.2019 को प्राप्त है।

10. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि० (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं हैं।

11. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सशर्त सहमति संचिका संख्या–16विनि०–22/2019 के पृष्ठ संख्या–08/टि० पर दिनांक–20.12.2019 को प्राप्त है, जिसका डायरी संख्या–216, दिनांक–12.12.2019 है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार के उक्त सशर्त सहमति के बिन्दु पर सचिव, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या–16 विनि०–22/2019 के पृष्ठ संख्या–11/टि० पर दिनांक–09.01.2020 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

Rabindra
13.1.2020

(रवीन्द्र नाथ राय)
विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–22/2019 /कृ०, पटना, दिनांक 2020

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rabindra
13.1.2020

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–22/2019 /कृ०, पटना, दिनांक 2020

प्रतिलिपि :– योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rabindra
13.1.2020

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–22/2019–56 /कृ०, पटना, दिनांक 13/01/2020

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, विश्वेश्वरैया भवन कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/- 13.1.2020

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–12/2018 –56 /कृ०, पटना, दिनांक 13/01/2020

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, कृषि के आप्त सचिव/ कृषि उत्पादन आयुक्त के आप्त सचिव/ प्रधान सचिव, कृषि के आप्त सचिव/ प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार/ कृषि निदेशक, बिहार, पटना/ निदेशक पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/ प्रशासक, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (वि०), पंत भवन, बेली रोड, पटना/ आंतरिक वित्तीय सलाहकार, कृषि विभाग/ प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/ सभी संबंधित पदाधिकारीगण/ योजना शाखा/ बजट पदाधिकारी, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह०/- 13.1.2020

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–16विनि०–12/2018 – 56 /कृ०, पटना, दिनांक 13/01/2020

प्रतिलिपि :– उप कृषि निदेशक (सूचना), कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने एवं संबंधित पदाधिकारी को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

ह०/- 13.1.20

विशेष सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना ।